St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

FOR GOD AND COUNTRY

Hindi Grammar : (2nd Term) **(Worksheet –11)** **Date: 31.08.2020**
Topic: अपठित गदयांश **Class -3**

भारत की राजधानी दिल्ली प्रदूषण के मामले में दुनिया के दस सबसे प्रदूषित शहरों में शामिल है | बढ़ते प्रदूषण के बहुत से कारण हैं ; जैसे - कारों की बढ़ती संख्या , पेड़ों का काटा जाना , कारखानों का गन्दा पानी , पेड़ पत्तियां जलाना आदि | प्रकृति की ओर ध्यान न देकर , हम अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मारने का काम कर रहे हैं | बढ़ते हुए प्रदूषण से सबसे अधिक प्रभावित बच्चे और बुजुर्ग हो रहे हैं | तरह - तरह की बीमारियाँ ; जैसे - सांस लेने में तकलीफ , आँखों में जलन तथा त्वचा का संक्रमण आदि इसी प्रदूषण की देन हैं | अब भी समय हैं की हम इस खतरे को समझकर प्रदूषण को काबू में रखने का प्रयास शुरू कर दें , अन्यथा वह दिन दूर नहीं जब हम साफ़ हवा , पानी तथा भोजन के लिए तरस जायेंगे |

अनुच्छेद पढ़कर प्रश्नो के उत्तर दो :-

1 दिल्ली में प्रदूषण की क्या स्थिति है ?

2 बढ़ते प्रदूषण के प्रमुख क्या कारण है ?

3 प्रदूषण का सबसे अधिक असर किन पर पर हो रहा है ?

4 प्रदूषण से क्या - क्या बीमारियाँ होती हैं ?

5 इस अनुच्छेद का उचित शीर्षक बताओ |

6 शब्द - अर्थ

प्रयास -

खाली जगह भरो

7 हम इस खतरे को समझकर _______ को काबू में करे |

8 भारत की राजधानी ______ है |

9 विलोम शब्द लिखो :-

बढ़ना -

10 वचन बदलो :-

बीमारियाँ -

मुहावरे का अर्थ लिखो |

11 "अपने पैरो पर कुल्हाड़ी मारना "

12 संज्ञा शब्द छांटकर लिखो :-

_____

13 लिंग बताओ :-

दिल्ली - _____

14 ' गन्दा पानी ' में गन्दा क्या है |

15 वाक्य बनाओ :-

प्रभावित :-

Poonam Mehra